# जीवनयात्रा में
# दार्शनिक दृष्टियाँ

- लेखक -

**डा० भदन्त शान्ति शास्त्री**

"साहित्याचार्य"

- प्रस्तुतकर्ता -

**रत्नसुन्दर शाक्य**

"परियत्ति सद्धम्मपालक"

Dhamma.Digital

Downloaded from http://dhamma.digital/

# जीवनयात्रा में दार्शनिक दृष्टियाँ

– लेखक –

डा० भदन्त शान्ति शास्त्री

"साहित्याचार्य"

– प्रस्तुतकर्ता –

रत्नसुन्दर शाक्य

"परियत्ति सद्धम्मपालक"

Downloaded from http://dhamma.digital/

प्रकाशक: –

प्रस्तुतकर्ता स्वयं
थालाछें टोल
भक्तपुर – ४

प्रथम संस्करण– १००० प्रति

बुद्धसम्बत् – २५३६
नेपालसम्बत् – १११३
विक्रमसम्बत् – २०४९
ईस्वीसम्बत् – १९९२

मूल्य – रू. ५।–

मुद्रक –

नेपाल प्रेस
शुक्रपथ,
काठमाण्डौं
फो. नं. २२ १० ३२

Downloaded from http://dhamma.digital/

# दुई शब्द

डा० भदन्त शान्ति शास्त्री द्वारा लिखित "जीवन-यात्रा में दार्शनिक दृष्टियाँ" रचना लेखककै भाषामा पुस्तिकाको रूपमा पाठकहरूको सामुने छ।

श्री रत्नसुन्दर शाक्यको प्रयासबाट जीवनप्रति दर्शन सम्बन्धी प्राचीन धारणाहरूका ४५ उद्धरणहरू समेटेर जीवनयात्राको चित्रण हामी यस पुस्तिकामा पढ्न सक्ने भएका छौं। लेखकले कुनै एक दार्शनिक पक्षलाई आफ्नो निर्णय नथोप्रेको हुनाले यो पुस्तिका सबै दार्शनिक चिन्तक-हरूलाई मननयोग्य र रोचक हुने नै छ भन्ने मलाई पूरा आशा छ।

श्रीकीर्ति विहार
कीर्तिपुर, काठमाडौं
३।१२।२०४९

— भिक्षु सुदर्शन

Downloaded from http://dhamma.digital/

# पाठकलाई थप जानकारी

थालाछेँ, भक्तपुर–४
४ चैत्र २०४९

प्रिय पाठकबन्धु,

म संस्कृत, पाली भाषा एवं साहित्यका विज्ञ होइन, तैपनि यहाँलाई संस्कृत एवं पाली साहित्यका अनेकौं ग्रन्थ-हरूको आधारमा (सन्दर्भ लिई) डा. भदन्त शान्ति शास्त्रीले रचना गर्नु भएको "जीवनयात्रा में दार्शनिक दृष्टियाँ" नामक लेखलाई पुस्तिकाको रूपमा यहाँको समक्ष प्रस्तुत गर्दैछु ।

यहाँलाई विशेषतः म संस्कृत एवं पाली साहित्यका प्रकाण्ड पण्डित डा. भदन्त शान्ति शास्त्रीको बारेमा केही परिचय दिन चाहन्छु–

बौद्धशास्त्र, एवं अन्य भारतीय दर्शन शास्त्रका प्रकाण्ड पण्डित डा. भदन्त शान्ति शास्त्री पनि श्रीलङ्काको केलनिया स्थित "विद्यालंकार परिवेण" का प्रधानाचार्य लु. धर्मानन्द महास्थविर (सन् १८६९–१९४५) का एक शिष्य थिए । अतः भदन्त शान्ति महापण्डित राहुल साँकृत्यायन, भदन्त आनन्द कौशल्यायन, भिक्षु जगदीश काश्यायन, भिक्षु नागार्जुन, भिक्षु अनिरुद्ध र भिक्षु महानाम (नेपाली) आदिका गुरुभाइ हुनुहुन्थ्यो ।

Downloaded from http://dhamma.digital/

भदन्त शान्ति शास्त्रीले पालीसाहित्यको अध्ययन गुरुवर लु. धर्मानन्द महास्थविरको छत्रछायाँमा रही केही वर्षको अवधिमा नै पूर्णगर्नुभएको थियो । वहाँले सन् १९४७ मा श्रीलङ्काबाट फर्कनासाथ विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर (सन् १८६१-१९४१) द्वारा स्थापित शान्ति निकेतन (फरवरी, १९२२ देखि विश्वभारती) मा अध्यापन कार्य गर्दै आउनुभएको थियो ।

सन् १९५३ को शुरुमा भिक्षुभेष त्यागी गृहस्थ संसारमा प्रवेश गर्नुभएका डा. शान्ति शास्त्रीले पछिसम्म पनि आफ्नो नामको अगाडि उपनामकै रूपमा "भदन्त" राख्दै आउनुभएको थियो ।

डा. भदन्त शान्ति शास्त्रीले सन् १९४५ मा, सातौं–आठौं शताब्दीका सुप्रसिद्ध बौद्ध दार्शनिक आचार्य शान्तिदेव, जो प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालयका एक आचार्य पनि थिए को एक प्रमुख ग्रन्थ "बोधिचर्यावतार" को हिन्दी अनुवाद गर्नुभएको थियो, जसको पहिलो प्रकाशन "बुद्ध विहार, लखनऊ" को तर्फबाट सन् १९५५ मा भएको थियो ।

खुशीको कुरा हो– नेपालमा पनि यस "बोधिचर्यावतार" ग्रन्थको अनुवाद नेपालभाषामा पं. दिव्यवज्र बज्राचार्यज्यूले गर्नु भई "बोधिप्रकाशन केन्द्र पाटन" बाट वि. सं. २०४३ मा प्रकाशित भइसकेको छ ।

"बोधिचर्यावतार" को अतिरिक्त डा. भदन्त शान्ति शास्त्रीले "ललितविस्तर" नामक अन्य एक प्रमुख संस्कृत

Downloaded from http://dhamma.digital/

ग्रन्थको पनि सुसम्पादन गरी हिन्दीमा अनुवाद गर्नुभएको छ जसको पहिलो प्रकाशन सन् १९८४ मा भएको थियो ।

डा. भदन्त शान्ति शास्त्रीको दक्षता सिर्फ संस्कृत र पालीग्रन्थहरूमा मात्र थिएन तिब्बती र चीनी साहित्यमा पनि त्यत्ति नै सिद्धहस्त हुनुहुन्थ्यो । वहाँको विद्वत्ताको बारेमा तत्कालीन (सन् १९५५) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालयका हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. हजारीप्रसाद द्विवेदी भन्नुहुन्छ–

"भदन्त शान्ति शास्त्री बौद्धशास्त्रों के गम्भीर विद्वान् तो है ही अन्यान्य भारतीय दर्शनों और साहित्य के भी प्रगाढ पण्डित है । साथ ही उनकी दृष्टि आधुनिक विषयों के अनुशीलन से निर्मल और अन्तर्दर्शिनी बन गयी है । वे यद्यपि प्राचीन शास्त्रों के निष्णात विद्वान् है तथापि दुराग्रह से सर्वथा मुक्त है ।"

१९ औं शताब्दीको उत्तरार्द्धमा श्रीलङ्कामा बुद्ध–धर्म पुनरूत्थानको निमित्त दुइवटा परिवेणको स्थापना भएको थियो, ती हुन्– विद्योदय परिवेण, कोलम्बो– सन् १८७४ मा र विद्यालंकार परिवेण, केलनिया– सन् १८७५ मा ।

यी दुइमा विद्यालंकार परिवेणको नायकपाद (प्रधानाचार्य) को तेश्रो पुस्ता (क्रम) मा लु. धर्मानन्द महा-स्थविर सन् १९१८ देखि त्यस परिवेणका प्रधानाचार्य नियुक्त हुनुभएको थियो । वहाँकै छत्रछायामा "भिक्खुत्रयी" पश्चात् भिक्षु नागार्जुन, भिक्षु शान्ति शास्त्री, भिक्षु सुमन वात्स्यायन, भिक्षु अनिरुद्ध र भिक्षु महानाम आदि रहनु भएको थियो ।

Downloaded from http://dhamma.digital/

श्रीलङ्काको स्वतन्त्रता (सन् १९४८) पश्चात् दुवै परिवेणले विश्वविद्यालयको रूप लिन पाएका थिए। विद्यालंकार परिवेण– १७ जून १९५९ का दिनदेखि विश्व-विद्यालयमा परिणत भएको थियो। यस विश्वविद्यालयको उद्‌घाटन भारतका तत्कालीन राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद (सन् १८८४–१९६३) ले गर्नुभएको थियो। परिवेण–विश्वविद्यालय हुनासाथ विभिन्न शिक्षाविभागहरूको स्थापना हुनुको साथै प्रत्येक विभागहरूका निमित्त महाचार्य (विभागाध्यक्ष) हरूको पनि आवश्यकता हुने नै भयो।

विद्यालंकार विश्वविद्यालयले भारतका आफ्ना तीन जना पुराना शिष्यहरूलाई तीनवटा विभागको महाचार्य पद सुम्पिएको थियो। ती विभाग एवं महाचार्यहरू निम्न हुन्–

१) दर्शन विभाग – महापण्डित राहुल सांकृत्यायन
२) हिन्दी विभाग – भदन्त आनन्द कौशल्यायन
३) संस्कृत विभाग – भदन्त शान्ति शास्त्री

वहाँहरू तीनैजना आ-आफ्नो कार्यभार सम्हाल्न शीघ्र श्रीलङ्का पुग्नुभयो। सर्वप्रथम भदन्त आनन्द कौश-ल्यायन– विश्वविद्यालयको समुद्‌घाटन हुनु दुईदिन अगाडि (१५ जून १९५९) नै पुग्नुभएको थियो त महापण्डित राहुल सांकृत्यायन सेप्टेम्बर १९५९ मा दार्जिलिङ्गबाट केलनिया आइपुग्नु भयो। तर भदन्त शान्ति शास्त्री त्यस-बेला दूर देश जर्मनमा थिए, अतः वहाँ पनि पत्र पाउनासाथ

Downloaded from http://dhamma.digital/

जर्मनबाट भारत आई शान्तिनिकेतनमा एक महिना रही २८ अक्टोवर १९५९ का दिन सपरिवार कोलम्बो पुग्नु भयो ।

यसरी विद्यालंकार विश्वविद्यालय एवं विश्वभारती, शान्तिनिकेतनमा संस्कृत विभागाध्यक्ष (सन् १९५९–७२) हुनु भएका डा. भदन्त शान्ति शास्त्रीद्वारा प्रस्तुत गरिएको रचना "जीवनयात्रा में दार्शनिक दृष्टियाँ" जुन वहाँले "महाबोधि सभा" को मासिक पत्रिका "धर्मदूत" वर्ष–१५, अङ्क–३ (जून, सन् १९५०) मा प्रकाशित गर्नुभएको थियो लाई वहाँ कै शब्दमा (मौलिकता आउने गरी) प्रस्तुत गरेको हुँ ।

मैले शुरुमै भनिसके कि आफू संस्कृत–पाली भाषा एवं साहित्यका ज्ञाता (विज्ञ) होइन, अतः डा. भदन्त शान्ति शास्त्रीले सन्दर्भमा प्रस्तुत गरिएको पाली गाथा एवं संस्कृतका श्लोकहरूको प्रूफ हेरिदिनुहुन मैले काठमाण्डौं ॐबहालस्थित सुवर्ण शाक्यलाई अनुरोध गरेको थिएँ । वहाँले आफ्नो व्यस्ततामा पनि समय निकाली मेरो अनुरोध-लाई सहर्ष स्वीकार गरी प्रूफ हेरिदिनु भएकोमा म अति लाभान्वित छु ।

अन्तमा यस रचनाको बारेमा 'दुई–शब्द' लेखिदिनु भएकोमा भिक्षु सुदर्शन महास्थविरप्रति कृतज्ञताभाव व्यक्त गर्नुको साथै पाठकवृन्दले यस पुस्तिकाको अध्ययन गरी केहो–न–केही दार्शनिक दृष्टि (ज्ञान) प्राप्त गर्नुहुने नै छ भन्ने आशा लिएको छु ।

— रत्नसुन्दर शाक्य

Downloaded from http://dhamma.digital/

# जीवनयात्रा में दार्शनिक दृष्टियाँ

समूचे जीवन में लोगों के सामने एक बार नहीं बल्कि अनेक बार ऐसे अवसर आते हैं जब उनके सुखस्वप्न भंग हो जाते हैं। कभी जीविका का उपाय दूभर होता है, तो कभी कडी मेहनत से कमाया धन छीन होता है, कभी किसी प्रिय से बिछुडना होता है, कभी अपने का नुकसान हो जाता है, कभी बीमारी आती है और बनी बनायी काया को चूस जाती है, या अचानक किसी प्यारे को उठा ले जाती है, और जवानी इन सब झंझटों में नीरस होकर बीतती है फिर बुढापा आता है और संसार सूना हो जाता है। इन सब दुःखों के बीच मनुष्य कब का मर-मिटा होता पर उसने इनका उपाय भी निकाला है। शरीर की सहजात तकलीफों के लिए सहज उपाय हैं हीं। भूख में भोजन, प्यास में पानी, सर्दी-गर्मी से बचने के लिए वस्त्र, खुली जगह की तकलीफों से बचने के लिए घर, काम विक्षेप से बचने के लिए मिथुन-भाव, थक जाने पर निद्रा आदि सहज उपचार स्वभाव से ही मनुष्य कर लेता है। शारीरिक बाधाओं के लिए वह वैद्य की शरण जाता है तथा मानसिक बाधाओं से पीडित होकर उसे अध्यात्मवादियों की शरण जाना पडता है। वैद्य

Downloaded from http://dhamma.digital/

शारीरिक रोगों के लिए दवादारू देते हैं और अध्यात्मवादी जीवन को सोचने की कुछ विशेष दृष्टियाँ। दवादारू से रोग शान्त होते हैं और दार्शनिक दृष्टियों से मन को धीरज मिलता है। इस तरह मनुष्य के जीवन की यात्रा चलती रहती है।

२– मनुष्य को यदि दार्शनिक दृष्टियों का सहारा न मिले तो वे बडे–बडे अनर्थ कर बैठता है। सर्व साधारण की निगाह बडी मोटी होती है– खाओ, पिओ, मौज उडाओ, बस उनका इतना ही दर्शन होता है। और इसके लिए मनुष्य वही करना चाहता है जो तालाब की मछलियाँ करती हैं। जैसे बडी मछलियाँ अपने से छोटी मछलियों को हडप जाती हैं वैसे सबल मनुष्य दुर्बलों को हडप जाना चाहते हैं। यह मात्स्यन्याय कठोर शासन से भी दूर न हो पाता यदि मनुष्य के ऊपर दुःख का पहाड न रक्खा हुआ होता। दुःख का यह बडा गुण है कि मनुष्य उससे उद्विग्न होता है, उद्वेग के कारण उसका मद और अभिमान चूर हो जाता है, संसार के लोगों के प्रति उसके मनमें करुणा उत्पन्न होती है, दुष्कर्म से भय होता है और भगवान् में श्रद्धा होती है।[1] पर मनुष्य इस प्रकारके गुणवाले दुःख का भार कभी न उठा पाता यदि उसे दार्शनिक दृष्टियाँ न मिली होतीं।

३– क्लेश नदी पार करने के लिए दार्शनिक दृष्टियां उडुप (डुँगा) के समान हैं। यदि अवसर पर उचित दार्शनिक दृष्टि न मिली तो समझ लो मनुष्य क्लेश नदीं में

Downloaded from http://dhamma.digital/

डूबा सो डूबा फिर वह उबर नहीं सकता। यह तो प्रतिदिन की ही बात है, कोई पानी में डूब मरता है, कोई रेल के नीचे कट जाता है। क्लिष्ट मनके कारण जब लोग अपने आप को ही मार डालते हैं भला फिर दूसरे को क्यों न मारेंगे। कहीं कोई माँ-बाप की हत्या कर डालता है, कहीं कोई पत्नी अपने पति को बिष खिला देती है, कहीं कोई अपनी स्त्री का बध कर डालता है, कहीं कोई बेटे को ही मार या मरवा डालता है, कहीं कोई भाई भाई को जान ले लेता है। स्वजन-स्वजन की मनोदोष के कारण जान के गाहक हो जाते हैं तब भला जो पराए हैं उनके साथ मनुष्य क्या नहीं कर सकता। मनोदोषों को क्षीण करना तथा दुःख के अवसर पर मनुष्य को ढाढस बँधाना – यह दो दार्शनिक दृष्टियों के कार्य हैं।

४– दुनिया सदा से अर्थवादी रही है। यहाँ कुछ कमानेवाले हैं और कुछ कमाई को हडपने वाले हैं। कमाने-वाले गरीब हैं और हडपनेवाले अमीर। दोनो में अनबन है। दोनों के बीच द्वन्द्व मचा हुआ है। दार्शनिक के पास राजशक्ति तो है नहीं कि इस मात्स्यन्यायको बन्द कर दे। पर वह समझाता दोनों को है, कमाने वाले को भी और कमाई हडपने वाले को भी। एक से वह कहता है कि भाई इतना अर्थ (सम्पत्ति) क्या करोगे, समूची धरती भी यदि जीत ली तब उस पर सो नहीं सकते, सोओगे भी तो एक शहर में, पर शहर तो बहुत बडा है, वह समूचा तुम्हारे

Downloaded from http://dhamma.digital/

भोग की चीज नहीं हो सकता। उपभोग तुम महल का हो कर सकते हो, पर महल भी कम बडा नहीं है, उसके एक हिस्से से ही तुम्हारा काम चल जाएगा। और उस एक हिस्से में भी जो सबसे सुख के क्षण बीतेंगे वे चारपाई पर वारङ्गना के साथ। तब भला सोचो धरती भर पर अधिकार तुम्हारे किस काम का हुआ। राजा होकर भी तुम्हें औरों की तरह कपडों का जोडा ही चाहिए। खानेके लिए भी दूसरों की तरह ही अन्न, सोने और बैठनेके लिए औरोंकी तरह ही चारपाई और आसन। बची और चीजें वे तो राजमद की निशानियां हैं और कुछ नहीं।[२] दूसरों से वह कहता है भाई सब्र करो, दुनिया में सब ओर काँटे ही तो हैं, पाँव में काटा न लगें इसलिए समूची धरती को तो चमडे से मढा नहीं जा सकता। हाँ, पैर को चमडे से मढ लो, पैर में जूता पहन लो, बस धरती मढ गई चमडे से। कांटे का खटका न रहा। जिन बाहारी बातों से मन को तकलीफ मिलती है उन्हें रोका नहीं जा सकता, बस अपने मन को रोक लो तो सब रूक गया। मन में सन्तोष है तो धनी निर्धन क्या ?[३] इस प्रकार द्वन्द्व में फँसे लोगों को वैराग्य के द्वारा दार्शनिक संतोष देता है। पर यदि इन द्वन्द्वों से घबरा कर लोग दुनियाँ छोड्ने लगें तो वह उनसे कहेगा कि भाई भय से भागो नहीं। दुनिया छोड कर लोग भागते हैं। वे पर्वत, वन, आराम, वृक्ष, चैत्य, मठ, मन्दिर सभीकी शरण जाते हैं, पर दुःख दूर नहीं होता। भाई सत्य को

Downloaded from http://dhamma.digital/

समझो और उसी के अनुसार करो तब दुःख दूर होगा।[४] इस प्रकार दार्शनिक संसार से घबराए लोगों को प्रज्ञा के मार्ग की ओर मोड कर उनकी घबराहट को दूर करता है। जगत् की विषमता में जिसे वैराग्य और प्रज्ञा मार्ग से दार्शनिक ढाढस नहीं बंधा पाता उसे जरा अधिक मननात्मक ढंग का सहारा लेकर समझाने का प्रयत्न करता है। वह कहता है- भाई जातियों का सम्पत्ति कर्म ही है, दायाद कर्म ही है, कर्म ही दोषी है, कर्म ही बन्धु है, कर्म ही रक्षक है, कर्म ही के कारण मनुष्य हीन और प्रणीत (उत्तम) है,[५] सो जिसने जैसा किया है भुगत रहा है। यदि इस युक्ति से किसी को सन्तोष नहीं हुआ तो वह कहेगा भाई अपने हाथ में है ही क्या? ईश्वरेच्छा बलीयसी।[६] जो ईश्वर का श्रद्धालु है उसे इससे सन्तोष हो ही जायगा। पर जो उतना श्रद्धालु नहीं है उसके सामने दार्शनिक "अहह कष्टमपंडिता विधेः"[७] कह कर चित्त समाधान करना चाहेगा। इस प्रकार दार्शनिक किसी न किसी भाव से संसार की विषमता के बीच मनुष्य को जीने के लिए प्रेरित करेगा।

५- यदि किसी ने किसी को सताया है। गाली देकर, मारकर, कुछ छीन कर पीडा दी है तो दार्शनिक उनको आपस में लडाकर और अधिक कलह नहीं बढाएगा। क्योंकि वह जानता है कि वैर से वैर शान्त नहीं होता वैर अवैर ही से शान्त होता है।[८] आदमी दूसरे को हराकर- दूसरे को परास्त कर, बाद में कुश्ती में या युद्ध में अथवा

Downloaded from http://dhamma.digital/

खेल ही में नीचा दिखाकर वैर भावना को ही जन्म देता है। जो हारता है वह दुःखी होता है।[९] इसलिए वह दुनिया को शान्त मार्ग की ओर ही ले जाना चाहता है। दूसरोंसे सताए जाने पर वह सहिष्णुता को ही शिक्षा देता है।[१०] और मन को ढाढस बँधाने के लिए दृष्टि भी देता है कि भाई ! पहले जन्म में ऐसा किया ही क्यों था जो दूसरों से तकलीफ पा रहे हो। सब कर्म के अधीन हैं। उसे कौन पलट सकता है।[११]

६– यदि किसी को कोई अभीष्ट वस्तु नहीं मिल रही है तो दार्शनिक उस अभीष्ट के न मिलने के कारण शोक संतप्त हृदय को निराश्रय छोडकर जलने नहीं देगा। वह समझाएगा कि जो वस्तु दैवाधीन है उसके लिए किया ही क्या जाय। दुसरे जन्म में शुभ कर्म नहीं किया। दूसरे जन्म में किये कर्म ही इस जन्म में फल देता है। दैव को पलट नहीं जा सकता। मनुष्य से जो हो सकता है वह सब करते रहना चाहिए। गुरुओं में अधिक भक्ति करो, देवताओं को दूनी पूजा करो, ऋषियों की पूजा में आदर दिखाओ, ऋषि लोग बडे देवता हैं जतन से उनकी सेवा की जाय तो दुर्लभ वस्तु भी माँगने पर देते हैं।[१२] इस प्रकार चित्त की व्याकुलता को कम करने के लिए दार्शनिक सब तरह से जतन करेगा और कहेगा– भाई पुण्य करो, पुण्यों के बिना अभीष्ट, लाभ नहीं होता।[१३]

७– किसी प्रिय का नुकसान हो गया, सम्पत्ति उजड

Downloaded from http://dhamma.digital/

गई अथवा कोई भारी विपत्ति पड गई तो दुर्बल मनुष्य तो पगला हो ही जाता है। यह दुर्बलता मन की होती है। मन का धीरज खो न जाये इसलिए दार्शनिक अनित्यता का पाठ पढाता है। वह कहता है–यह शरीर जीर्ण–शीर्ण है, रोग का अड्डा है, क्षणभंगुर है, सड–गलकर गिरने वाला है, जिन्दगी का अन्त मौत तो है ही।[१४] भाई, मेरा बेटा है, मेरा जन–धन है, इसके सोच में मरने बचने से होता ही क्या ? जब अपनी काया ही अपनी नहीं तो कहाँ बेटा और कहाँ धन ?[१५] देवदत्त को देखो न, पहले उसका घर बाल–बच्चों से भरा था और आज वह बेचारा अकेला रह गया है, कोई दो रोटी सेक कर देनेवाला नहीं रहा। इधर यज्ञदत्त को देखो, उसके कोई न था, पर अकेले उसने घर–बार बसाया, बीबी, बच्चे, अन्न–धन सबका सुख हुआ, पर आज कोई नाम–लेवा भी नहीं रह गया।[१६] इस तरह समझाते–समझाते दार्शनिक आपको तक्षशिला, वैशाली, श्रावस्ती, कौशाम्बी, कपिलवस्तु, इन्द्रप्रस्थ आदि उजडी नगरियों में पहुँचकर कहेगा– भाई देखो, वह सुन्दर नगरी, उसका वह महान् राजा, उसके अनुचर वे सामन्त लोग, वह राजसभा, वे सुन्दरियां, और वे गर्वीले राजकुमार तथा वे स्तुतिपाठक बन्दीजन कहाँ विलीन हो गए।[१७] भाई, सभी को ही काल के गाल में समाना है। धीरज धरो, रोने–पीटने से क्या होगा ? जन्म और मृत्यु तो लगे ही रहते हैं, जहाँ जन्म है वहाँ मरण न हो सो तो हो ही नहीं सकता। हम सब क्षण

Downloaded from http://dhamma.digital/

क्षण जी और मर रहे हैं, शरीर जैसा पहले था वैसा अब कहाँ रहा, मन भी तो वह नहीं रह गया, पहले कितना हर बात को उत्साह रहता था और अब जान पडता है मन में जान ही नहीं रह गई हैं।[१८] और एक दिन आँखें मूँद जायेंगी, बस खतम आने को जानता ही कौन है? कौन कहाँ से आया कहाँ जाएगा किसी ने नहीं देखा,[१९] बस यहीं दिन काट देना है।[२०] इतने पर भी यदि किसी को सन्तोष न हो तो दार्शनिक कहेगा– जन्म और मरण सब माया है, न कोई जन्मता है, न मरता है, सब धोके की टट्टी है।[२१] जिस ही सब कुछ है वही सब यह भूल भुलैइया दिखा रहा है, यह सब चित्त ही की माया है।[२२] भाई असली चीज तो अमर है, मरने वाली तो यह मिट्टी है इसके लिए सोच करना बेकार है, उस अमर ने इस सडी गली मिट्टी को पुराने चिथडे की तरह उतार फेंका है।[२३]

८– मन में क्षमा और सन्तोष के भाव भरना ही यद्यपि दार्शनिक दृष्टियों का मुख्य काम है पर क्षमा और सन्तोष से अनुचित लाभ उठाने वाले भी कम नहीं हैं। ऐसे लोग क्षमावादी को निर्बल समझकर सब तरह से सताना शुरु कर देते हैं। जहाँ तक व्यक्तिगत साधना का सम्बन्ध है अध्यात्मवादी अपना सर्वस्व, अपने प्राण निछावर कर के भी क्षमा ही करेगा। वह शान्तिवादी ऋषि (खन्तिवादी जातक, नं–३१३) की तरह अपने अंग अंग छेदन करनेवाले राजा को भी आशीर्वाद दे सकता है। पर देश रक्षा के

Downloaded from http://dhamma.digital/

निमित्त पोषित सेवा यह नहीं कर सकती और न कोई सैनिक इस प्रकार की क्षमा कर सकता है। वह यह नहीं कह सकता कि युद्ध में लोगों का खून बहाकर मैं भिक्षा माँगना अधिक पसन्द करूँगा।[२४] मान लो कि किसी कारण यदि उसमें इस प्रकार के भाव उत्पन्न हुए तो दार्शनिक समझाएगा कि तुम और तुम्हारे प्रतिपक्षी कभी नहीं थे या नही रहेंगे सो बात नही, तुम्हारे और उनके न जाने कितने जन्म बीत चुके हैं और न जाने कितने बीतेंगे। भाई, शरीर ही पैदा होता है, और नष्ट होता है। तुम्हारे न मारने से भी इनको नष्ट होना ही है, इसलिए तुम्हें मरने मारने में सोच नहीं करना चाहिए।[२५] आत्मा की अमरता को युद्धादि के लिए उपयोग करना आपत्तिकाल की बात ही समझना चाहिए। सच्चा दार्शनिक बहुत उदार होता है, उसकी दृष्टि मनुष्य को भेद कर के देखती ही नहीं। वह तो सब से कहता है– भाई भय और दुःख किसी को प्यारा होता नहीं तब ऐसी कोई बात ही नहीं कि मैं अपने को ही उनसे बचाऊँ और दूसरों को नहीं।[२६] और इस तरह के उदार भावों से वह लोगों को युद्ध के लिए नहीं प्रत्युत विश्वबन्धुता के लिए सर्वस्व निछावर करने की प्रेरणा देता है।[२७]

९– दुःख के समय ढाढस, संकट में कर्तव्य परायणता भाव भरते हुए दार्शनिक मनुष्य के मन में अंकुरित मद और मान, गर्व और अभिमान को दूर करता है उसमें क्षमा के भाव भरता हैं। वह कहता है भाई देखो सब कुछ जल रहा

Downloaded from http://dhamma.digital/

है पर तुम्हें हँसी और मौज सूझ रही है ।[२८] बडे पगले हो जो इस काया पर इतरा रहे हो जो क्षण भर में धरती में मिल जायगी ।[२९] यहाँ इतराना बेकार है, जन्म की खुशी मनाते है । पर उसका अन्त तो मरण में है, जवानी पर इतराते हैं उसे तो बुढापा चूस जायगी[३०] और ऐसी बुढापा जो एक बार आकर फिर पिण्ड नहीं छोडती, हाय ! दुनिया मैं जो देखता हूँ वह तू नहीं देखती । 'जो जाके न आए वो जवानी देखी । जो आके न जाए वो बुढापा देखा ।' पर तू जवानी को हमेशा वनी रहनेवाली समझकर इतरा रहा है ।[३१] भाई इतराओ नहीं । आदमी निर्दोष ही होता है । उससे अच्छा बुरा करानेवाला और ही कोही है ।[३२] वह पाप-पुण्य सब समझता है फिर भी कभी कभी सब कुछ जानते हुए भी उसका पैर कुठाँव पड ही जाता है ।[३३] और कुठांव पैर पड गया तो उसकी सजा मिलती ही है । कर्म का फल भोगना ही पडता है । जैसे लोहे का मैल (=मोर्चा) लोहे को खा जाता है वैसे ही आदमी का कुकर्म आदमी की दुर्गति कर डालता है ।[३४] भाई भला काम करो, पाप से दूर रहो । पाप कर्म दूध की तह झटपट उफना कर आदमी को नहीं जलाता वह राख में छिपी आग की तरह आदमी को जलाता चलता है ।[३५] अधर्म से आदमी बढता है खुशहाल होता है, विपक्षियों को परास्त करता है, पर एक समय आता है जब जडमूल से खतम हो जाता है ।[३६] बेसमझ आदमी पाप से अपनी बढती देख यह समझने लगता है

Downloaded from http://dhamma.digital/

कि पाप भी भलाई की चीज है पर जब पाप फलने लगता है तब उसको समझ में आता है कि पाप से बुराई होती है[३७] इस तरह क्षमाभाव करते, अभिमान दूर करते, दार्शनिक दुनिया को अच्छाई के रास्ते लगाता है।

१०– यह सब करते हुए भी सच्चा दार्शनिक दुनिया को बांधता नहीं। वह जानता है कि दर्शन मनुष्य के लिए है न कि मनुष्य दर्शन के लिए। इसलिए वह सब बन्धनों से छुड़ाते हुए कहता है, भाई तुम देववन्दना के चक्कर में पड़े हो पर देवता तो विधाता के अधीन हैं। तब क्या विधाता की वन्दना की जाय। नहीं भाई वह जो फल देता है उस पर उसका जरा भी बस नहीं और फल तो अपने कर्मों पर ही निर्भर है[३८] तब भाई आदमी अपने आप ही अपना मालिक है उसका दूसरा मालिक कोई नहीं।[३९] अपने आप अपने स्वामी बनकर काम करो। पर ध्यान में रक्खो कि आदमी जो कुछ करता है वह सब अपने सुख के लिए ही करता है। सुख कभी होता भी है और कभी नहीं भी। इसलिए यदि तुमको काम में ही रस आने लगा और तुम्हारा ध्यान काम की सफलता विफलता पर न रहा तब तुम काम करते हुए भी निष्कर्मा और सुखी हो,[४०] असफलता तुम्हें निराश नहीं कर सकती। ध्यान रक्खो तुम कर्मके स्वामी हो फल के नहीं।[४१] कर्म करते हुए तुम्हारी दृष्टि उदार होनी चाहिए। तुम्हें सोचना चाहिए कि सुख सबको प्यारा होता है वह अपने को भी प्रिय लगता है और दूसरे को भी।

Downloaded from http://dhamma.digital/

तब भाई अपने सुख के लिए तो जतन करना और दूसरे के लिए नहीं, यह क्या बात ![४२] भय और दुःख न अपने को प्रिय लगते हैं न गैर को। तब भाई जैसे अपने को उनसे बचाते हो वैसे औरों को भी बचाना चाहिए।[४३] और इस प्रकार सोचते हुए व्रत लेना चाहिए कि मैं अपने सुकृत को, अपने आत्मभाव को और अपने भोगों को जनहित के लिए निछावर करूँगा।[४४] सभी दार्शनिक भावनाओं का उद्देश्य इस तरह जनहित है, लोकहित है, मनुष्य हित है और उसका चरम विकास बोधिचित्तवाद में है-जो मानवचित्त की संपूर्णता है, मनुष्यता का महान् आदर्श है। सचमुच वे महासत्त्व काय और चित्त दोनों को लोक सेवा में निःस्वार्थ भाव से लगा चुके है जो अपकारी के प्रति भी उपकारशील हैं, वे नमस्करणीय हैं, मैं उन्हें नमस्कार करता हुँ और उनकी शरण जाता हूँ--

तेषां शरीराणि नमस्करोमि
यत्रोदितं तद्वर चित्तरत्नं ।
यत्रापकारोऽपि सुखानुबन्धी
सुखाकरांस्तन् शरणं प्रयामि ।।
[बोधिचर्यावतार १।३६]

"धर्मदूत", वर्ष-१५, अङ्क-३, (जून, १९५०)
[ बु. सं. २४९४ ]

★

Downloaded from http://dhamma.digital/

# – सन्दर्भ –

१. गुणोऽपरस्य दुःखस्य यत्संवेगान्मदच्युतिः ।
संसारिषु च कारुण्यं पापद्भीतिर्जिने स्पृहा ।।
[ बोधिचर्यावतार ६।२१ ]

२. जये धरित्र्याः पुरमेव सारं पुरेगृहं सद्मनि चैकदेशः ।
तथापि शय्या शयने वरास्त्री रत्नोज्ज्वला राज्य सुखस्य सारः ।।
[ वृहत्संहिता ]

यदा च जित्वापि महीं समग्रां वासाय दृष्टं पुरमेकमेव ।
तथापि नैकं भवनं विपेव्यं श्रमः परार्थे ननु राजभावः ।।
राज्ञोऽपि वासोयुगमेकमेव क्षुत्संनिरोधाय तथान्नमात्रा ।
शय्या तथैकासनमेकमेव शेषा विशेषाः नृपतेर्मदाय ।।
[ बुद्धचरित ११।४७,४८ ]

३. भूमिं छादयितुं सर्वाकुतश्चर्म भविष्यति ।
उपन चर्ममात्रेण चछन्ना भवति मेदिनी ।।
बाह्या भावा मया तद्वच्छक्षा वारयितुं न हि ।
स्वंचित्तं वारयिष्यामि किं ममान्यैर्निवारितैः ।। [ ५।१६,१४ ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

सर्वत्र संपदस्तस्य संतुष्टं यस्य मानसं ।
उपानन्दादुपादस्य ननु चर्मावृतैव भूः ।।

[ सूक्तिमुक्तावली में व्यास वचन ]

वयमिह परितुष्टां वल्कलैस्त्वं च लक्ष्म्या
सम इह परितोषो निर्विशेषो विशेषः ।
स तु भवतु दरिद्रो यस्य तृष्णा विशाला
मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः ।। [ भर्तृहरि ३७ ]

४. बहुं वे सरणं यन्ति पब्बतानि वनानि च ।
आराम रुक्ख चेत्यानि मनुस्सा भय तज्जिता ।।
नेतं खो सरणं खेमं नेतं सरणमुत्तमं ।
नेतं सरणमागम्म सब्बदुक्खा पमुच्चति ।।
यो च बुद्धं च धम्मं च संघं च सरणं गतो ।
चत्तारि चरिय सच्चानि सम्मप्पञ्ञायपस्सति ।।
एतं खो सरणं खेमं एतं सरणमुत्तमं ।
एतं सरणमागम्म सब्बदुक्खा पमुच्चति ।।

[ धम्मपद १८८–१९१ ]

५. कम्मस्सका सत्ता कम्मदायादा कम्मयोनि कम्मबन्धु ।
कम्मपटिसरणा, कम्मंयेव सत्ते विभजति यदिदं हीनप्प-
णीततायाति ।। [ मज्झिमनिकाय, सुत्त १३५ ]

६. करोतु नाम नीतिज्ञो व्यवसायमुदारधीः ।
फलं पुनस्तदेवास्य यद्विधेर्मनसि स्थितं ।।

[ सूक्तिमुक्तावली में व्यासवचन ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

७. सृजति तावदशेष गुणाकरं पुरुषरत्नमलंकरणं भुवः ।
तदपि तत्क्षणभङ्गिकरोति चेदहह कष्टमपण्डितता विधेः ।।
[ भर्तृहरि ३४२ ]

८. नहि वेरेन वेरानि सम्मन्तीध कुदाचनं ।
अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्तनो ।। [ धम्मपद ५ ]

९. जयं वेरं पसवति दुक्खं सेति पराजितो ।
उपसन्तो सुखं सेति हित्वा जयपराजयं ।। [ धम्मपद २०१ ]

१०. सचे नेरेसि अत्तानं कंसो उपहतो यथा ।
एस पत्तोसि निब्बानं सारंभो ते न विज्जति ।। [ धम्मपद १३४ ]

११. कस्मादेवं कृतं पूर्वं येनैवं बाध्यसे परं ।
सर्वैक परायत्ता कोहमत्रान्यथाकृतौ ।।
[ बोधिचर्यावतार ६-६८ ]

१२. किमत्र क्रियतां दैवायत्ते वस्तुनि । अलमतिमात्रं रुदितेन । अन्यस्मिञ्जन्मनि न कृतमवदात्तं कर्म । जन्मान्तरकृतं हि फलमुपनयति पुरुषस्येह जन्मनि । नहि शक्यं दैवमन्यथा कर्तुमनियुक्तेनापि । यान्मानुष्यथे शक्यमुपपादयितुं तावत्सर्वमुपपाद्यताम् । अधिकां कुरु गुरुषु भक्तिम् । द्विगुणामुपपाहृदयदेवतासु पूजाम् । ऋषिजनसपर्यासु दर्शितादरा भव । परं हि दैवतमृषयः मलेनाराधिता यथा समीहित फलानां दुर्लभानामपि वराणां दातारो भवन्ति । [ कादम्बरी, निर्णयसागर, १९२८, पृष्ठ १२४-२५ ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

१३. मत्स्याः स्तनौ यदि घनौ जघनं च हारि
वक्त्रं च चारु तव चित्त किमाकुलत्वम् ।
पुण्यं कुरुष्व यदि तेषु तवास्ति वाञ्छा
पुण्यैर्विना नहि भवन्ति समीहितार्थाः ॥

[ भर्तृहरि १३६ ]

१४. परिजिण्णमिदं रूपं रोगनिड्ढं पभंगुरं ।
भिज्जती पूति सन्देहो मरणंन्तं हि जीवितं ॥

[ धम्मपद १४८ ]

१५. पुत्तामत्थि धनमत्थि इति बालो विहञ्ञति ।
अत्ता हि अत्तनो नत्थि कुतो पुत्ता कुतो धनं ॥

[ धम्मपद ६२ ]

१६. यत्रानेकः क्वचिदपि गृहे तत्र तिष्ठत्यथैको
यत्राप्येकस्तदनुबहवस्तत्र चान्ते न चैकः ।
इत्थं चेमौ रजनिदिवसौ दोलयन्द्वाविवाक्षौ
कालः काल्या सहबहुकलः क्रीडति प्राणिसारैः ॥

[ भर्तृहरि १७१ ]

१७. सा रम्या नगरी महान् स नृपतिः सामन्तचक्रं च तत्
पार्श्वे तस्य च सापि राजपरिषत्ताश्चन्द्रबिम्बानना ।
उद्रिक्तः स राजपुत्रनिवहस्ते बन्दिनस्ताः कथा
सर्वं यस्य वशादगात्स्मृतिपथं कालाय तस्मै नमः ॥

[ भर्तृहरि १६९ ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

१८. अथ चैनं नित्य जातं नित्यं वा मन्यसे मृतं ।
तथापि त्वं महाबाहो नैवं शोचितुमर्हसि ॥

[ गीता २।२६ ]

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च ।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ॥

[ गीता २।२७ ]

१९. अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत ।
अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ॥

[ गीता २।२८ ]

२०. नाभिनन्दामि मरणं नाभिनन्दामि जीवितं ।
कालं च पाटिकंखामि निद्देसं भतको यथा ॥
नाभिनन्देत मरणं नाभिनन्देत जीवितं ।
कालं च प्रतिकांक्षित निर्देशं भृतको यथा ॥

[ मनु ६।४५ ]

२१. दुक्खमेव हि न कोचि दुक्खितो
कारको न किरिया व विज्जति ।
अत्थि निब्बुति न निब्बुतो पुमा
मग्गमत्थि गमको न विज्जति ॥

[ विसुद्धि मग्ग । शून्यता ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

२२. मनोपुब्बङ्गमा धम्मा—मनोसेट्ठा मनोमया।
मनसा चे पदुट्ठेन—भासति वा करोति वा।
ततो नं दुक्खमन्वेति—चक्कं'व वहतो पदं॥ १॥

[ धम्मपद १ ]

मनोपुब्बङ्गमा धम्मा—मनो सेट्ठा मनोमया।
मनसा चे पसन्नेन—भासति वा करोति वा।
ततो नं सुखमन्वेति—छाया'व अन पायिनी॥ २॥

[ धम्मपद २ ]

२३. वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही॥

[ गीता २।२२ ]

२४. अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयं।
यद्राज्यसुखलोभेन हन्तुं स्वजनमुद्यताः॥

[ गीता १।४६ [

यद्यप्येते न पश्यन्ति लोभोपहतचेतसः।
कुलक्षय कृतं दोषं मित्रद्रोहे च पातकं॥

[ वहीं १।३८ ]

कथं न ज्ञेयमस्माभिः पापादस्मान्निवर्तितुं।
कुलक्षय कृतं दोषं प्रपश्यद्भिर्जनार्दन॥

[ वहीं १।३९ ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

गुरूनहत्वा हि महानुभावान् श्रेयो
भोक्तुं भैक्ष्यमपीह लोके ॥
हत्वार्थकामांप्तु गुरुनिहैव
भुञ्जीय भोगान्नुधिर प्रदिग्धान् ॥

[ वहीं २।५ ]

२५. कालोऽस्मि लोकक्षय कृत्प्रवृद्धो
लोकान्समाहर्तुमिहप्रवृत्तः ।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे
येऽवस्थिताः प्रत्यनिथेषु योधः ॥

[ वहीं ११।३२ ]

तस्मात्त्वमुत्तिष्ठ यशोलभस्व
जित्वा शत्रून्भुंक्ष्व राज्यं समृद्धं ॥
मयैवैते निहताः पूर्वमेव
निमित्त मात्रं भव सब्यसाचिन् ॥

[ वही ११।३३]

२६. यदा मन परेषां च भयं दुःखं च न प्रियं ।
तदात्मना को विशेषो यत्तं रक्षामि नेतरं ॥

[ बोधिचर्यावतार ८।९६ ]

२७. आत्मभावांस्तथा भोगान्सर्वं श्याध्वागतं शुभं ।
निरपेक्षस्त्यजाम्येष सर्वसत्त्वार्थं सिद्धये ॥

[ बोधिचर्यावतार ३।१० ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

२८. को नु हासो किमानन्दो निच्चं पज्जलिते सति ।
अन्धकारेन ओनद्धा पदीपं न गवेस्सथ ।।

[ धम्मपद १४६ ]

२९. अचिरं वत यो कायो पठवीं अधिस्सेसति ।
छुद्धो अपेतविञ्ञानो निरत्थं व कलिंगरं ।।

[ धम्मपद ४१ ]

३०. आघ्रातं मरणेन जन्म जरया यात्युज्ज्वलं यौवन
संतोषो धनलिप्सया शमसुखं प्रौढाङ्गना विभ्रमैः ।
लोकैर्मत्सरिभिर्गुणा वनभुवो व्यालैर्नृपा दुर्जनै-
स्थैर्येण विभूतिरप्यपहृता ग्रस्तं न किं केन वा ।।

[ भर्तृहरि १९७ ]

३१. ऋतुर्व्यतीतः परिवर्तते पुनः
क्षयं प्रयातः पुनरेति चन्द्रमाः ।
गतं गतं नैव च संनिवर्तते
जलं नदीनां च नृणां च यौवनम् ।।

[ सौकरनन्द ९।२८ ]

३२. ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ।।

[ गीता १८।६१ ]

जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः
जानाम्य धर्मं न च मे निवृत्तिः !

Downloaded from http://dhamma.digital/

३३. केनापि दैवेन हृदिस्थितेन
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ।। [ महाभारत ]

३४. अयसावमलं समुट्ठितं तदुट्ठाय तमेव खादति ।
एवं अतिधोन चारिनं सककम्मानि नयन्ति दुग्गतिं ।।
[ धम्मपद २४० ]

३५. नहि पापं कतं कम्म सज्जु खीरं व मुच्चति ।
डहन्तं बालमन्वेति भस्माच्छन्नो व पावको ।।
[ धम्मपद ७१ ]

३६. अधर्मेणैधते तावत्ततो भद्राणि पश्यति ।
ततः सपत्नाञ्जयति समूलस्तु विनश्यति ।।
[ मनु ४।१७४ ]

३७. पापोपि पस्सति भद्रं याव पापं न पच्चति ।
यदा च पच्चति पापं अथ पापो पापानि पस्सति ।।
[ धम्मपद ११९ ]

३८. नमस्यामो देवान्ननुहतविधेस्तेऽपिवशगाः,
विधिर्वन्द्यः सोऽपि प्रतिनियत कर्मैकफलदः ।
फलं कर्मायत्तं यदि किममरैः किं च विधिना
नमस्तत्कर्मभ्यो विधिरपि न येभ्यः प्रभवति ।।
[ भर्तृहरि २२ ]

३९. अत्ताहि अत्तनो नाथो कोहि नाथो परोसिया ।
अत्तनाव सुदन्तेन नाथं लभति दुल्लभं ।।
[धम्मपद १६० ]

Downloaded from http://dhamma.digital/

४०. सुखार्थं क्रियते कर्म तथापि स्यान्न वा सुखं ।
कर्मैव तु सुखं यस्य निष्कर्मा स सुखी कथं ॥

[ बोधिचर्यावतार ७।६३ ]

४१. कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि ॥

[ गीता २।४७ ]

४२. यदा मम परेषां च तुल्यमेव सुखं प्रियं ।
तदात्मनः को विशेषो येनात्रैव सुखोद्यमः ॥

[ बोधिचर्यावतार ७।९५ ]

४३. यदा मम परेषां च भयं दुःखं च न प्रियं ।
तदात्मनः को विशेषो यत्तं रक्षामि नेतरं ॥

[ बोधिचर्यावतार ७।९६ ]

४४. आत्मभावांस्तथा भोगान् सर्वेभ्योऽध्वगतः शुभं ।
निरपेक्षस्त्यजाम्येष सर्वसत्त्वार्थं सिद्धये ॥

[ बोधिचर्यावतार ३।१० ]

★

Downloaded from http://dhamma.digital/

Downloaded from http://dhamma.digital/

# लेखकका प्रकाशित पुस्तकहरू

१. नेपालको इतिहासमा कलंकित घटना
२. भिक्षु धर्मालोक महास्थविर
३. बौद्ध जगतका स्मरणीय व्यक्तिहरू
४. बाबासाहेब डा० अम्बेडकर
५. अनागारिका धम्मावती
६. "पियदस्सि" पं० जवाहरलाल नेहरू
७. भिक्खुत्रयी
८. भिक्षु ऊ० चन्द्रमणि महास्थविर
९. महान् उपन्यासकार प्रेमचन्द
१०. जीवनयात्रा में दार्शनिक दृष्टियाँ (प्रस्तुति)

Downloaded from http://dhamma.digital/